# कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

रेलवे अस्पताल के सामने, रातानाडा, जोधपुर–342001

email- jdajodhpur / yahoo com वेब–साईट jodhpurjda.org Phone No. 0291-2613086/265635-7 Fax 0291-2613086


क्रमांकः F37.(3) / नि.आ. / जो.स्त.स. / का.वि. / 2022 / 3457 दिनांकः– 02/8/22

## –:कार्यवाही विवरणः–

नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग के अधिसूचना कमांक प.17(1)नविवि / अभियान / 2021 दिनांक 25.11.2021 के द्वारा गठित जोन स्तरीय समिति की 05 / 2022 वीं बैठक दिनांक 26.07.2022 को उपायुक्त (पश्चिम) की अध्यक्षता में उनके कक्ष में सपन्न हुई जिसमें उपस्थित सदस्य / अधिकारीगण का विवरण परिशिष्ठ–1 पर संलग्न है। बैठक में प्रस्तुत एजेण्डा पर लिये गये निर्णय निम्नानुसार हैः–

| एजेण्डा संख्या | विषय |
|---|---|
| 01. | भूखण्ड संख्या 90, 90–ए, 97 व 100 से 109 खसरा संख्या 114 व 115 ग्राम चौपासनी के भूखण्डों के माप में संशोधन करने बाबत । |

**समिति को अवगत करवाया गया कि :–**

01. प्रकरण को पूर्व में जोन स्तरीय समिति की 03 / 2022 वीं बैठक दिनांक 16.05.2022 में रखा गया जिसमें पटवारी एवं कनिष्ठ अभियन्ता की संयुक्त मौका रिपोर्ट प्राप्त कर प्रकरण को आगामी बैठक में रखे जाने का निर्णय लिया गया। उक्त के कम में कनिष्ठ अभियन्ता व पटवारी की संयुक्त मौका रिपोर्ट पैरा संख्या एन / 59 अनुसार भूखण्ड संख्या 97 का मौका अनुसार माप 40 गुणा 70 है, तथा भूखण्डों के सामने स्थित सडक की चौडाई 40 फीट है।
02. राजस्व ग्राम चौपासनी के खसरा संख्या 114 व 115 के भूखण्ड संख्या 90, 90–ए, 97 व 100 से 109 के भूखण्डो का सर्वे मानचित्र में लम्बाई 60 फीट अंकित है। उक्त खसरा संख्या 114 व 115 में अतिरिक्त कलक्टर, कृषि भूमि रूपान्तरण, जोधपुर द्वारा जारी पट्टा विलेख में भूखण्ड संख्या 97 का नाप 40 गुणा 70 के जारी किये गये है।
03. योजना का ले–आउट प्लान समिति की बैठक दिनांक 18.07.2012 द्वारा अनुमोदित है एवम् उक्त भूखण्डों का माप 40 गुणा 60 अंकित है।

**निर्णय :– समिति द्वारा एजेण्डा पर विचार विमर्श एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा बाद विचार–विमर्श उपरान्त प्रकरण में अनुमोदित ले आउट में पटवारी एवं कनिष्ठ अभियंता की संयुक्त मौका रिपोर्ट तथा स्वामित्व दस्तावेजों के अनुरूप पूर्व अनुमोदित ले आउट प्लान में दर्शित भूखंड संख्या 90, 90–ए, 97 व 100 से 109 की लम्बाई 70 फीट पढ़ी जावे तथा तदनुसार ही अग्रिम कार्यवाही की जावे।**

| एजेण्डा संख्या | विषय |
|---|---|
| 02. | खसरा नं. 125, ग्राम चौपासनी की योजना में दर्शित वाणिज्यिक क्षेत्र में स्थित दुकानों के भूखण्ड संख्या अंकन व मूल भूखण्ड के नाप में मौका अनुसार आंशिक संशोधन बाबत् । |

**समिति को अवगत करवाया गया कि :–**

01. गार्ड पत्रावली में संलग्न दस्तावेजो अनुसार प्रश्नगत योजना खसरा संख्या 125, राजस्व ग्राम को प्राधिकरण स्तर की ले–आऊट प्लान समिति दिनांक 18.07.2012 के निर्णय के क्रम में अनुमोदित किया गया था।
02. पत्रावली में संलग्न अनुमोदित ले–आऊट प्लान में वाणिज्यिक क्षेत्र मे 10'×20' की 13 दुकानें बिना भूखण्ड संख्या के दर्शित है एवं क्षेत्रफल विश्लेषण अनुसार वाणिज्यिक क्षेत्र का क्षेत्रफल 986.66 वर्गगज है ।
03. वर्तमान में पटवारी की मौका रिपोर्ट अनुसार मौके पर प्रश्नगत व्यवसायिक क्षेत्र का क्षेत्रफल 857.48 वर्गगज प्राप्त होता है एवं अनुमोदित योजना में दर्शित व्यवसायिक भूखण्ड की भुजाओ में भिन्नता है ।
04. प्रार्थी द्वारा उक्त व्यवसायिक क्षेत्र में 10'×20' की 11 दुकानों हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है । उक्त क्षेत्र का क्षेत्रफल विश्लेषण निम्नानुसार है –

| | |
|---|---|
| Shops | 204.38 वर्गमीटर |
| Parking area | 512.58 वर्गमीटर |
| Total | 716.96 वर्गमीटर |

निर्णय :– समिति द्वारा एजेण्डा पर विचार विमर्श एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा बाद विचार–विमर्श उपरान्त प्रकरण में प्रकरण में पूर्व अनुमोदित ले आउट मानचित्र में दर्शित वाणिज्यिक क्षेत्र में 10'×20' की 11 दुकानों में भूखण्ड संख्या C-1 to C-11 अंकित करते हुए ले आउट प्लान (वाणिज्यिक क्षेत्र) अनुमोदित किये जाने का निर्णय लिया गया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| तहसीलदार (पश्चिम)<br>जोधपुर विकास प्राधिकरण | सहायक नगर नियोजक<br>जोधपुर विकास प्राधिकरण | अधिशाषी अभियन्ता(पश्चिम)<br>जोधपुर विकास प्राधिकरण | उपायुक्त (पश्चिम)<br>जोधपुर विकास प्राधिकरण |

क्रमांक: F37.(3)/नि.आ./ जो.स्त.स./का.वि./2022/ 3458 to 3464 दिनांक:– 02/8/22

प्रतिलिपी :– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, आयुक्त महोदय, जो.वि.प्रा., जोधपुर
2. निजी सचिव, सचिव महोदय, जो.वि.प्रा., जोधपुर
3. निदेशक (आयोजना) महोदय, जो.वि.प्रा., जोधपुर
4. उपायुक्त (पश्चिम), जो.वि.प्रा., जोधपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. उप नगर नियोजक (पश्चिम), जो.वि.प्रा., जोधपुर
6. अधिशाषी अभियन्ता, जो.वि.प्रा., जोधपुर
7. तहसीलदार, जो.वि.प्रा., जोधपुर

सहायक नगर नियोजक
एवं सदस्य सचिव, जोन स्तरीय समिति
जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

परिशिष्ट–"1"

जोन स्तरीय समिति की 05/2022 वीं बैठक दिनांक 26.07.2022 को उपायुक्त (पश्चिम) की अध्यक्षता में उनके कक्ष में आयोजित हुई, बैठक में उपस्थिति निम्नवत थी:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री सुभाष शर्मा, निदेशक आयोजना, जो.वि.प्रा. जोधपुर। | विशेष आमंत्रित |
| 2 | श्री नीरज मिश्र, उपायुक्त (पश्चिम), जो.वि.प्रा. जोधपुर। | संयोजक |
| 3. | श्री गणपत लाल सुथार, उप नगर नियोजक, जो.वि.प्रा. जोधपुर। | विशेष आमंत्रित |
| 4. | श्री सुबोध माथुर, अधिशाषी अभियंता, जो.वि.प्रा. जोधपुर। | सदस्य |
| 5. | प्रियंका चोपड़ा, सहायक नगर नियोजक, जो.वि.प्रा. जोधपुर। | सदस्य सचिव |
| 6. | श्री मोहित आसिया, तहसीलदार जो.वि.प्रा. जोधपुर। | सदस्य |

सहायक नगर नियोजक
एवं सदस्य सचिव, जोन स्तरीय समिति
जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर